दूरभाष : 0135–2741481
ईमेल : dir-soldierwel-uk@nic.in

निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उत्तराखंड
15 सी, कालीदास मार्ग, हाथीबड़कला
देहरादून –248003

3012/शहीद द्वार/सै0क0–3

26 अप्रैल 2025

सेवा में,

सचिव,
सैनिक कल्याण विभाग
उत्तराखण्ड शासन।

**विषय–शहीद सिपाही नारायण सिंह की स्मृति में पिथौरागढ़ के ग्राम–कुजीगाड, पो0ओ0–बिशाड़, वि0खण्ड–विण, में शहीद द्वार बनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

1. उपर्युक्त विषयक कृपया जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, पिथौरागढ़ द्वारा शहीद **सिपाही नारायण सिंह** की स्मृति में शहीद द्वार बनाये जाने हेतु निम्न दस्तावेजों सहित उपलब्ध कराया गया है:–

(क) जिलाधिकारी, पिथौरागढ द्वारा संस्तुत किया गया शहीद आश्रित का आवेदन पत्र।

(ख) शहीद का बैटल कैज्युल्टी प्रमाण पत्र।

(ग) ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत–बिशाड़, विकासखण्ड–विण, पिथौरागढ़ द्वारा ग्राम पंचायत की भूमि पर शहीद द्वार बनाये जाने सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण पत्र।

(घ) क्षेत्र विशेष में अन्य शहीदों के नाम भी सम्मिलित किये जाने संबंधी प्रावधान का प्रमाण पत्र एवं शहीद आश्रित के जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में पंजीकृत होने संबंधी प्रमाण पत्र।

(ङ) निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, पिथौरागढ़ द्वारा तैयार किया गया तथा विभागीय टी०ए०सी० के उपरान्त धनराशि ₹5.00 लाख का आगणन।

2. उक्त प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी की संस्तुति सहित शासन को धनराशि ₹5.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय,

**ब्रिगेडियर अमृत लाल (अ0प्रा0)**
निदेशक

<u>संलग्नक</u>:– यथोपरि।

<u>प्रतिलिपि</u>– जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, पिथौरागढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक